Bharat Temples

दर्शन दे दे माँ हमको दर्शन दे दे

जब जब भीड़ पड़ी है हम पर, तूने हमे संभाला है
जब जब तेरा नाम लिया माँ, तेरा बुलावा आया है

दर्शन दे दे माँ, हमको दर्शन दे llll
मन में ध्यान रहे तेरा, दिन रात माँ
दर्शन दे दे माँ, हमको दर्शन दे.........

मन में तेरी ज्योत जगी है, तेरे दरस की आस लगी है
दूर करो माँ शेरों वाली, जो भी बिपता आन पड़ी है ll
भवसागर में नाव है मेरी, करदो बेडा पार माँ ll
दर्शन दे दे माँ, हमको दर्शन दे......

क्या मैं दाती मांगू तुझ से, कुछ भी छुपा नहीं है तुझ से
कृपा करो माँ जग्ग कल्याणी, भूल चूक जो हुई है मुझ से ll
क्षमा करो हे जगत भवानी, मेरा हर अपराध माँ ll
दर्शन दे दे माँ, हमको दर्शन दे,,,,,,

सभ भक्तों की पीड़ा हरती, मेरी वारी क्यों देर है करती
विधि न जानू पूजा की मैं, जो मन में है बात वो कह दी ll
वेद मंत्र का ज्ञान नहीं है, बिनती करो स्वीकार माँ ll
दर्शन दे दे माँ, हमको दर्शन दे,,,,,,

अपलोड कर्ता- अनिल भोपाल

Source: https://www.bharattemples.com/darshan-de-de-ma-humko-darshan-de-de/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw